प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में करीब 67 प्रतिशत मतदान हुआ है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि खरसांवा विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 79 दशमलव एक–एक प्रतिशत मतदान हुआ है जबकि रांची में सबसे कम 52 दशमलव दो सात फीसदी वोटिंग दर्ज की गयी है। इधर विधानसभा चुनाव के लिए पुलिस विभाग के नोडल पदाधिकारी बनाये गये वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एवी होमकर ने बताया कि अति संवेदनशील बूथों पर भी शांतिपूर्ण मतदान कराने में सफलता मिली है।

*****************

झारखंड में विधानसभा चुनाव का पहला चरण पूरा होने के बाद 20 नवम्बर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। एनडीए और इंडिया दोनों गठबंधन के नेता मतदाताओं को लुभाने के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में सभा और रैलियां कर रहे हैं।

*****************

वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर भ्रष्टाचार और घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। गिरिडीह जिले के सीहोडीह आम बगान में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि राज्य सरकार की शह पर आदिवासियों की जमीन पर घुसपैठियों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही आदिवासियों को जमीन वापस दिलाने के लिए नया कानून बनाया जायेगा।

*****************

इधर भाजपा के स्टार प्रचारक सह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी आज धनबाद के निरसा में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार राज्य में घुसपैठ और आतंकवाद को बढ़ावा दे रही है।

*****************

दुमका जिले की चार विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को होनेवाले मतदान के लिए वृद्धों और दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग के तहत मतदान कराया जा रहा है।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल बिहार के जमुई जाएंगे जहां वो जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित समारोह में भाग लेंगे। इस आयोजन के साथ ही भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष समारोह की शुरुआत हो जाएगी। श्री मोदी भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट का अनावरण करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर आदिवासी समुदायों के उत्थान और क्षेत्र के ग्रामीण तथा दूरदराज इलाकों में बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए छह हजार छह सौ 40 करोड़ रुपये से अधिक राशि की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

*****************

रांची समेत राज्य भर में मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है और सुबह– शाम ठंड भी महसूस होने लगी है। मौसम विभाग का कहना है कि न्यूनतम तापमान में इस सप्ताह दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। वहीं, रांची समेत कई और जिलों में सुबह के समय कोहरा छाया रहेगा और आसमान में आंशिक बादल भी छाए रह सकते हैं।

********समाप्त********